54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10.4°c अधिकतम 20.9 °c

अमृतवाणी

लगन एक छोटा सा शब्द है, लेकिन जिसे लग जाती है, उसका जीवन बदल देती है।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सरकार जिस पुस्तक को कहती है कि छपी ही नहीं वही पुस्तक मैं मोदी जी को भेंट करूंगा : राहुल गांधी

लगे हाथ इसका नया संस्करण भी छपवा दो... ताकि देश का भला हो...

सूर्योदय - 7:06, सूर्यास्त - 6:00 | वर्ष : 54/ अंक : 35 | बृहस्पतिवार, 05 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

कौन सी महंगाई को कंट्रोल करने में सफल है सरकार, अब मोबाइलों पर महंगाई की मार

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। वर्ष 2014 से 2026 का दौर आ गया है, मगर महंगाई पर कंट्रोल करने में यह सरकार पूरी तरह फेल दिखाई देती है। फिर चाहे किसी भी वस्तु पर महंगाई की बात कर ली जाए। सोना-चांदी की बात तो छोड़ो न तो इस सरकार से सब्जी, दाल, रिफाइंड पर कंट्रोल होता न इलेक्ट्रॉनिक आइटमों पर। अब बारी आई है रोजाना की जरूरत बन चुके मोबाइल पर महंगाई की। बिना शोर मचाए कम्पनियों ने मात्र 15000 के मोबाइल पर तीन हजार रुपये तक बढ़ा दिये हैं। यानि बीस प्रतिशत से अधिक की तेजी प्रत्येक कम्पनी के मोबाइल पर देखी जा रही है और बाजार में ग्राहकों के बीच इस बात को लेकर हा-हाकार मचा हुआ है। लगभग पन्द्रह दिन पहले महंगाई का दौर शुरू हो गया था। पहले कम्पनियों ने चाहे वो ओपो, वीवो, सैमसंग या फिर वन प्लस हो 1500 से 2000 तक तक खामोशी से बढ़ाने का काम किया और अब यह तेजी 20 प्रतिशत से भी अधिक पर आ गयी है और सरकार एक बार भी यह सवाल पूछने को तैयार नहीं है कि आखिर यह तेजी है किस बात की। सूत्रों की मानें तो कोई इसे चांदी की तेजी से जोड़कर मोबाइल महंगा होना बता रहा है तो कोई मोबाइल में स्टॉरेज चिप का महंगा होना बता रहा है। बड़ी बात यह है कि इस सरकार में पिछले बारह वर्षों में आज तक कोई ऐसी चीज नहीं है जो आम आदमी के रोजमर्रा के इस्तेमाल की हो और उस पर मूल्य घटाए गए हों। फिर चाहे घरेलू सिलेण्डर, बिजली या चौपहिया वाहन ही क्यों न हों। आपको बता दें कि सिर्फ मोबाइल पर ही नहीं हाल ही में जीएसटी की दरों में कमी आने के बाद गाड़ियों पर जो एक लाख रुपये की कटौती की गयी थी वह भी अब कम्पनियों ने दूसरे तरीके से रेट बढ़ाकर पूरी कर ली है। कुल मिलाकर आम जनता का लगातार बेवकूफ विभिन्न प्रकार से बनाया जा रहा है और सरकार पिछले बारह वर्षों से सिर्फ खूबसूरत डायलॉग बोलने के अलावा कुछ नहीं कर पा रही। सिर्फ हिन्दुत्व और लॉ एण्ड ऑर्डर का डंका बजाकर मतदाताओं को लुभाने के अलावा सरकार आमजन को महंगाई में कहीं कोई राहत नहीं दे सकी है।

मॉडल	पहले	अब
Vivo		
Y19 E	8000	9000
Y31	14000	17000
Oppo		
F31	23000	27000
Reno 14	38000	43000
K13	19000	23000
Samsung		
A36	28000	34500

मोबाइल ही नहीं स्टॉरेज करने वाली पेनड्राइव तक हुई महंगी

मुजफ्फरनगर। जब मोबाइल की बाबत दुकानदारों से इस सम्बंध में बात की गयी तो उनका कहना है कि सिर्फ मोबाइल ही नहीं डाटा स्टॉरेज करने वाली प्रत्येक वस्तु पेन ड्राइव से लेकर हार्ड डिस्क तक सभी में बीस प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। कुछ दुकानदारों का कथन चांदी की महंगाई के दौर में था कि मोबाइल के अंदर बोर्ड में चांदी का प्रयोग किया जाता है इस कारण मोबाइल महंगे हो रहे हैं मगर अभी किसी कम्पनी ने यह खुलासा नहीं किया कि आखिर उन्होंने एकाएक मोबाइल के मूल्यों में बीस प्रतिशत से अधिक की तेजी क्यों की है। कम्पनियां खामोश इसलिए हैं क्योंकि जो व्यक्ति रोज मोबाइल नहीं बदलता उसे पता ही नहीं चलता कि आखिर 18 हजार वाला मोबाइल पहले 15 हजार का था। वह तो दुकानदार के पास चुपचाप जाता है, 200-400 रुपये की कटौती कराता है और खामोशी से मोबाइल खरीदकर वापस लौट आता है।

गाजियाबाद में डिजिटल मौत का तांडव

'कोरियन लवर गेम' के चक्कर में तीन सगी बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर दी जान

गाजियाबाद, 4 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित लोनी क्षेत्र की 'भारत सिटी' सोसाइटी में बुधवार को एक ऐसी रूह कंपा देने वाली घटना घटी, जिसने ऑनलाइन गेमिंग के खौफनाक चेहरे को बेनकाब कर दिया है। तीन सगी बहनों—निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12)—ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शुरूआती जांच में इस सामूहिक आत्महत्या के पीछे 'कोरियन लवर गेम' नामक एक जानलेवा ऑनलाइन टास्क का हाथ बताया जा रहा है। जिसमें 50 दिन, 50 टास्क और मौत का आखिरी पड़ाव पार कर तीन मासूम जिंदगियां खत्म हो गईं। पुलिस जांच और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों बहनें पिछले एक साल से इस खतरनाक गेम की गिरफ्त में थीं। यह गेम 'ब्लू व्हेल' की तरह ही टास्क-बेस्ड है, जिसका अंतिम लक्ष्य खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए उकसाना होता है। गेम का पहला चरण खिलाड़ी को परिवार से दूर करना और अकेले रहने के लिए मजबूर करना होता है। यदि परिवार मोबाइल छीन ले, तो खाना छोड़ना और हिंसक व्यवहार करना इस गेम के 'टास्क' का हिस्सा था। जबकि गेम में अंतिम टास्क में सुसाइड से पहले परिवार के साथ आखिरी फोटो लेना, खुद को कमरे में बंद करना और फिर अपनी जान दे देना। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को तीनों बहनों के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिस पर केवल "सॉरी मम्मी-पापा" लिखा है। कमरे का दृश्य और भी विचलित करने वाला था, पूरे फर्श पर कोरियन गेम के पैटर्न के अनुसार तस्वीरें बिखरी हुई थीं। ऐसा प्रतीत होता है कि तीनों बहनों ने गेम के 'लास्ट गोल' को पूरा करने के लिए एक साथ मौत को गले लगाया। पुलिस की माने तो "यह घटना अत्यंत दुखद है। बच्चियों को कोरोना काल के दौरान मोबाइल की लत लगी थी, जो धीरे-धीरे इस जानलेवा गेम में बदल गई। हम गेम के सर्वर और एडमिनिस्ट्रेटर की जांच कर रहे हैं, जो खुद को 'शाही परिवार' से जुड़ा बताते हैं।"



निशिका (16 साल) | प्राची (14 साल) | पाखी (12 साल)

सुसाइड नोट के मुख्य अंश

गाजियाबाद। "मम्मी-पापा सॉरी... हम गेम नहीं छोड़ पा रहे हैं। अब आपको एहसास होगा कि हम उस गेम से कितना प्यार करते थे, जिसे आप हमसे छुड़वाना चाहते थे।"

अभिभावकों के लिए चेतावनी

गाजियाबाद। पिता चेतन कुमार और उनका परिवार इस समय गहरे सदमे में है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बच्चे अचानक स्कूल जाना बंद कर दें, चिड़चिड़े हो जाएं या खुद को कमरे में बंद रखने लगें, तो यह गंभीर खतरे का संकेत हो सकता है। जिसका मात्र सावधानी ही बचाव है। अपने बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन लिंक या गेम से दूर रहने के लिए जागरूक करें।

18 पन्नों की डायरी में मिला गेम के प्रति मौत का जनून

गाजियाबाद। पुलिस का दावा है कि डायरी के 18 पन्नों में गेम के प्रति जूनून और माता-पिता के विरोध का जिक्र है। शुरूआती जाँच में ऑनलाइन गेमिंग की लत को ही इस सामूहिक आत्महत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। तीनों बहनें एक ही कमरे में सोती थीं, जहाँ से यह डायरी बरामद की गई है।

वन्य जीव अंगों की तस्करी का सनसनीखेज मामला, बारहसिंघा के दोनों सींग काटकर शिकारी फरार

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। जनपद के सिखेड़ा थाना क्षेत्र में बेजुबान वन्य जीवों के प्रति क्रूरता और उनके अंगों की तस्करी का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। बिहार गांव के जंगल में शिकारियों ने एक बारहसिंघा को बंधक बनाकर ग्राइंडर से उसके दोनों सींग काट लिए। लहूलुहान हालत में मिले इस बेजुबान को नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। देर रात सिखेड़ा पुलिस को 112 से सूचना मिली कि एक बारासिंघा गंभीर हालत में गांव के पास तड़प रहा है। मौके पर पहुंचे नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सेंटर के कर्मचारियों ने देखा कि वन्य जीव के दोनों सींग जड़ से गायब थे और अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी आंखें सूज चुकी थीं। आशंका जताई जा रही है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बारहसिंघा के सींगों की भारी कीमत के चलते तस्करों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। नंदी गौशाला के कर्मचारी अनुज चौधरी ने विभाग पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा, "बारासिंघा के सींग इतनी बेरहमी से काटे गए हैं कि वह दर्द से बेहाल है। यह स्पष्ट रूप से तस्करी का मामला है। अगर वन विभाग समय-समय पर सर्च ऑपरेशन चलाए, तो ऐसी घटनाएं न हों। हमारे पास अक्सर घायल हिरण और नीलगाय आते हैं, लेकिन इतनी क्रूरता पहली बार देखी है।" घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब पशु प्रेमियों ने मामले में विभागीय अधिकारियो द्वारा कड़ी कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों से इस संबंध में तत्काल जांच करने कर सख़्त कार्रवाई की मांग उठाई हैं।

खतौली में रॉन्ग साइड का कहर: नेशनल हाईवे पर विक्की सवार युवक की हुई दर्दनाक मौत

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। खतौली नेशनल हाईवे पर भंगेला चौकी के पास बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें, विक्की सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, खतौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी निवासी दिनेश पुत्र धर्मपाल बुधवार की देर रात अपनी विक्की से घर लौट रहा था। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर भंगेला चौकी के निकट पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक विक्की से उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान में जुटी हुई है।

पिता की मौत की सूचना पर घर लौट रहे दो भाइयों को ट्रक ने कुचला, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

सरधना/मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.) मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तेज रफ्तार ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मुजफ्फरनगर जनपद के सरवट निवासी 27 वर्षीय शुएब पुत्र मोहम्मद हनीफ अपने बड़े भाई शाहवेज के साथ राजस्थान के जयपुर में सोफा कारीगरी का काम करता था। मंगलवार रात करीब दस बजे दोनों भाइयों को अपने पिता के निधन की दुखद सूचना मिली। इस खबर से दोनों गहरे सदमे में आ गए और तुरंत हेलमेट पहनकर देर रात बाइक से मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गए। बाइक शुएब चला रहा था। बुधवार सुबह जब दोनों भाई सरधना थाना क्षेत्र में कांवड़ पटरी मार्ग से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में शुएब को गंभीर चोटें आईं, जबकि शाहवेज के पैर में चोट लगी। राहगीरों द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सरधना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने शुएब को मृत घोषित कर दिया, जबकि शाहवेज का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे भी अस्पताल पहुंच गए। थाना पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से फरार ट्रक चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रामपुर तिराहा कांड: सीबीआई ने कहा- मूल दस्तावेज कोर्ट में किए थे दाखिल

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। रामपुर तिराहा कांड की गायब मूल पत्रावलियों की फोटोकॉपी के आधार पर साक्ष्य कराने के मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई है। सीबीआई के अभियोजन अधिकारी ने कहा कि मूल दस्तावेज कोर्ट में ही दाखिल किए गए थे। तर्क दिया कि फोटोकॉपी को द्वितीय साक्ष्य में माना जाए। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या-9 की पीठासीन अधिकारी ज्योति सिंह ने सुनवाई के लिए 11 फरवरी नियत कर दी है। सीबीआई बनाम राधा मोहन द्विवेदी की पत्रावली में बचाव पक्ष ने प्रार्थनापत्र देते हुए कहा था कि मूल दस्तावेजों की फोटोकॉपी को साक्ष्य नहीं माना जा सकता। सीबीआई को साक्ष्य देने के लिए बुधवार को अंतिम अवसर दिया गया। सीबीआई की ओर से अभियोजन अधिकारी पहुंचे। तर्क दिया कि सीबीआई ने कोर्ट में दस्तावेज दाखिल किए थे, जिसकी रिसीविंग भी सुरक्षित है। अदालत में इंडेक्स सूची और रिसीविंग कॉपी दाखिल की गई। कुल 27 दस्तावेज थे, जिनकी रिसीविंग सूची दाखिल की गई है। प्रकरण में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। अदालत ने प्रार्थनापत्र के निस्तारण के लिए 11 फरवरी नियत कर दी है। एक अक्तूबर, 1994 को अलग राज्य की मांग के लिए देहरादून से बसों में सवार होकर आंदोलनकारी दिल्ली के लिए निकले थे। देर रात रामपुर तिराहा पर पुलिस ने आंदोलनकारियों को रोकने का प्रयास किया। आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने फायरिंग कर दी, जिसमें सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी। सीबीआई ने मामले की जांच की और पुलिस पार्टी और अधिकारियों पर मुकदमे दर्ज कराए थे।

तीन साल पहले मिल गई थी स्वीकृति

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। रामपुर तिराहा कांड की गायब मूल पत्रावलियों की फोटोकॉपी के आधार पर साक्ष्य कराने को लेकर तीन साल से सुनवाई चल रही है। वर्ष 2023 में तत्कालीन अपर जिला जज एवं सत्र न्यायालय संख्या सात के पीठासीन अधिकारी शक्ति सिंह ने फोटोकॉपी को स्वीकृति दे दी थी। बचाव पक्ष ने अदालत में विरोध किया, जिसके बाद इस पर दोबारा सुनवाई शुरू हुई। अब 11 फरवरी को फैसले के लिए नियत की गई है।

शौचालय के बाहर अतिक्रमणकारियों पर चला नगर पालिका का चाबुक

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। भगत सिंह रोड पर तुलसीपार्क के बाहर से लेकर मावा मण्डी तक नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। आपको बता दें कि बुधवार के अंक में बुलेटिन ने प्रमुखता से शौचालय के बाहर अतिक्रमण पर पालिका की नींद खोलते हुए शौचालय को ही बेच देने का समाचार प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद दोपहर बाद पालिका की टीम भगत सिंह रोड पहुंची और पूरे अतिक्रमण को हटवाने का काम किया। टीम ने चेतावनी दी कि अगली बार पूरा सामान उठाकर ले जाया जायेगा। आपको बता दें कि पिछले कई महीनों से पालिका व प्रशासन की टीम शहर के सुधार के लिए लगातार अतिक्रमण हटवाने में जुटी हुई है, मगर अतिक्रमणकारी पालिका और प्रशासन दोनों को बेवकूफ समझे हुए है कि रोज पालिका टीम आएगी और अतिक्रमणकारियों की नौकरी करते हुए अतिक्रमण हटवाने का काम करेगी मगर धीरे-धीरे पालिका अब सख्त रवैया अपनाने के मूड़ में दिख रही है। या तो अतिक्रमणकारियों पर भारी-भरकम जुर्माना ठोका जाएगा या फिर माल जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बुधवार को शौचालय के बाहर से अतिक्रमण हटने के बाद शौचालय जाने वाली महिलाओं ने रात की सांस ली, क्योंकि महिलाओं को शौचालय जाते समय बाहर अतिक्रमणकारियों का जमावड़ा होने के चलते शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ता था।

भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज, लगातार छठी बार फाइनल में

नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत के लिए इस मैच में आरोन जॉर्ज ने शानदार शतक लगाया। आरोन जॉर्ज की शतकीय पारी की मदद से भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए, जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था, जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा और शान से खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है, जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार फाइनल में जगह बनाई। टीम 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। भारत ने रिकॉर्ड पांच बार इस टूर्नामेंट को जीता है और अब उसके पास छठी ट्रॉफी जीतने का मौका है। भारत का फाइनल में सामना इंग्लैंड से शुक्रवार को होगा। इंग्लैंड ने एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव और आरोन ने भारत को मजबूत शुरूआत दिलाई। इस दौरान वैभव अपनी पुरानी फॉर्म में नजर आए। वैभव के आउट होने के बाद आरोन और कप्तान म्हात्रे ने पारी आगे बढ़ाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी हुई। म्हात्रे भले ही आउट हो गए, लेकिन आरोन ने बल्लेबाजी जारी रखी और शतक लगाया। वह हालांकि, टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गए। इसके बाद विहान मल्होत्रा और वेदांत त्रिवेदी ने जीत की औपचारिकता को पूरा किया। भारत के लिए आरोन जॉर्ज ने 104 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से 115 रन बनाए। वहीं, वैभव ने 33 गेंदों पर नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से 68 रन, जबकि म्हात्रे ने 59 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों के सहारे 62 रन की पारी खेली। विहान मल्होत्रा 47 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से नाबाद 38 और वेदांत छह गेंदों पर पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

टॉफी समझकर मासूम ने चबाया 'बारूद', जबड़ा और गाल फटे, दुकानदार पुलिस हिरासत में

राजस्थान, 4 फरवरी (एजेंसी)। अलवर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के चौकी बास गांव में सोमवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई। यहाँ एक 3 साल की मासूम बच्ची 'टॉफी' समझकर विस्फोटक चबा गई, जिससे हुए जोरदार धमाके में उसका चेहरा और जबड़ा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। गंभीर हालत में बच्ची का निजी अस्पताल में ऑपरेशन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 3 वर्षीय अक्शु अपनी 6 वर्षीय बड़ी बहन अहाना के साथ गांव में सुदील उर्फ काला की किराना दुकान पर टॉफी लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार ने बच्ची को खाने की चीज के बजाय बारूद से भरी एक खतरनाक वस्तु दे दी। जैसे ही अक्शु ने उसे मुंह में रखकर चबाया, एक भीषण धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि बच्ची का गाल और जबड़ा बुरी तरह फट गया और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी। परिजन आनन-फानन में घायल बच्ची को लेकर अलवर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बच्ची का आपातकालीन ऑपरेशन किया। चिकित्सकों के मुताबिक, ऑपरेशन सफल रहा है और फिलहाल बच्ची खतरे से बाहर है, हालांकि उसे ठीक होने में समय लगेगा। घटना के बाद गांव में तनाव और रोष का माहौल है। बच्ची की चाची निकिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाधिकारी डॉ. विजेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी दुकानदार सुदील को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी का दावा है कि बच्ची सड़क पर गिरने और कांच की बोतल लगने से घायल हुई है, लेकिन चोटों के निशान विस्फोट की पुष्टि कर रहे हैं। डीएसपी पिंटू कुमार के अनुसार, मौके से साक्ष्य जुटाने के लिए (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) टीम की मदद ली जा रही है। "मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मासूम की जान जोखिम में डालने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।"

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

खतौली, 4 फरवरी (बु.)। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे लाइन के पिलर नम्बर 100/35 के निकट एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी द्वारा शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। काफी देर के बाद मृतक की पहचान विशाल खारी (21) पुत्र रवीन्द्र खारी निवासी शास्त्री नगर कॉलोनी जनपद मेरठ के रूप में हुई। प्रत्यक्षदिर्शयों के अनुसार युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गयी। बताया जाता है कि मृतक विशाल कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मुजफ्फरनगर में वायु प्रदूषण पर बड़ी कार्रवाई: इसजैक हैवी इंजीनियरिंग कंपनी पर 17.64 लाख का जुर्माना

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। जिला मेरठ रोड स्थित इसजैक हैवी इंजीनियरिंग कंपनी (पूर्व नाम—यूपी स्टील) के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नियमों के उल्लंघन को लेकर कड़ी कार्रवाई की है। वायु प्रदूषण मानकों की अनदेखी करने पर बोर्ड ने कंपनी पर 17.64 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है, जिसे कंपनी प्रबंधन द्वारा बोर्ड के खाते में जमा भी करा दिया गया है। विभागीय अधिकारी गीतेश चंद्रा के निर्देश पर नरा गांव के समीप स्थित इस औद्योगिक इकाई का नियमित निरीक्षण किया गया था। जांच में सामने आया कि कंपनी वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन कर रही थी और उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियों के संचालन में लगातार लापरवाही बरत रही थी। प्रदूषण अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि कंपनी को पहले भी कई बार वायु गुणवत्ता मानकों का पालन करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन प्रबंधन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके चलते आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक सीमा तक पहुंच गया। हालात को देखते हुए बोर्ड ने सख्त रुख अपनाते हुए आर्थिक दंड लगाने का निर्णय लिया। नरा गांव के ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण लोग सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित हो रहे थे। बोर्ड ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित औद्योगिक इकाई को स्थायी रूप से सील कर दिया जायेगा।

ट्रैक्टर-कार की भिड़त, तीन घायल

मोरना, 04 फरवरी (बु.)। मोरना के निकट भेड़ाहेड़ी गांव में ककरौली मार्ग पर एक ट्रैक्टर और कार की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मुजफ्फरनगर के जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों की पहचान मेरठ जनपद निवासी कर्णपाल, सीमा और एक छोटी बच्ची के रूप में हुई है। ये सभी मंड़वाड़ी गांव से उत्तराखंड के प्रहलादपुर गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। थाना क्षेत्र के भेड़ाहेडी मोरना गांव के पास पहुंचते ही उनकी कार की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। बताया गया है कि कर्णपाल को गंभीर चोटें आई हैं। सीएचसी भोपा से तीनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए मुजफ्फरनगर के जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

हरिद्वार जाते समय मुजफ्फरनगर में ठहरे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दिल्ली से हरिद्वार की ओर जाते हुए दोपहर में मंसूरपुर स्थित होटल में कुछ समय के लिए रुके। उनके आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह कड़ी कर दी गई थी। होटल पर उनका स्वागत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किया। पूर्व राष्ट्रपति ने होटल में कुछ समय विश्राम किया और फ्रेश होकर सीधे हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। उनकी यात्रा मार्ग को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंसूरपुर में उनके रुकने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। होटल के निदेशक अरविंद राठी ने भी उनका स्वागत किया।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- 1589: फ्रांस की महारानी कैथरीन का निधन। 1592: भारत के मुगल बादशाह शाहजहां का जन्म। 1659: खाजवाह की लड़ाई में औरंगजेब ने शाह शुजा को हराया। 1671: छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से सल्हर क्षेत्र जीता। 1691: यूरोप में पहली बार कागजी मुद्रा स्वीडन के बैंक ने जारी की। 1809: यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड और ओटोमन साम्राज्य के बीच डार्डानेल्स की संधि हुई। 1893: योगगुरू और आध्यात्मिक गुरू परमहंस योगानन्द का उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्म। 1919: एंटोन ड्रेक्सलर ने म्यूनिख में 'जर्मन वर्कर्स पार्टी' की स्थापना की, जो आगे चलकर नाजी पार्टी बनी। 1933: सैन फ्रांसिस्को में प्रसिद्ध गोल्डन गेट ब्रिज का निर्माण शुरू हुआ। 1934: मुरली मनोहर जोशी का जन्म। वह भाजपा के संस्थापक सदस्य और केंद्रीय मंत्री रहे हैं। 1955: ममता बनर्जी का जन्म। वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष हैं। 1957: केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम लागू हुआ। 1970: चीन के यूनान प्रांत में 7.7 तीव्रता के भूकंप से 15,000 लोगों की मौत। 1971: पहला एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में खेला गया। 1986: भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का जन्म। 1993: करीब 85,000 टन कच्चा तेल लेकर नार्वे से कनाडा जा रहा एक तेल टैंकर तूफान में फंसकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त। 2000: पेले को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) द्वारा 'सदी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' चुना गया। 2002: दक्षेस शिखर सम्मेलन काठमाण्डू में शुरू। 2009: उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के ये मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2014: भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। 2016: मुंबई के 15 वर्षीय स्कूली छात्र प्रणव धनवाडे ने एक ही पारी में नाबाद 1,009 रन (327 गेंदों में) बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। 2020: न्यूजीलैंड के बल्लेबाज लियो कार्टर ने एक ओवर में छह छक्के लगाए। यह कीर्तिमान बनाने वाले वह विश्व के सातवें बल्लेबाज बने।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 04 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	164500	चांदी-	299000
सिक्का-	2990	गिन्नी-	121715

आपका राशिफल

बृहस्पतिवार, 05 फरवरी, 2025

मेष- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, विवाद समापन की ओर, यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी, कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, मेल-मिलाप की ओर रुचि, व्यापार में धन निवेश, सुयश की प्राप्ति।

मिथुन- स्वास्थ्य में शिथिलता, पारिवारिक समस्याओं से मन उदास, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका, अपव्यय भी।

कर्क- ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, आथक व्यावसायिक उन्नति, पुरातन विवाद का समापन, पठन-पाठन में रुचि, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

सिंह- विचारित कार्यों में प्रगति, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, विवादास्पद मसला हल, मनोबल में वृद्धि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, सद्विचारों का उदय।

कन्या- ग्रहयोग बेहतर, समस्याएं सुलझने की ओर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मानसिक राहत, धर्म अध्यात्म में आस्था, जिम्मेदारियों हेतु व्यय।

तुला- दिनचर्या अव्यवस्थित, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, राजकीय पक्ष से उलझनें, परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, खर्च से परेशान, अशांति का माहौल, यात्रा कष्टकर।

वृश्चिक- नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दाम्पत्य जीवन में सुखी, मनोरंजन में रुझान।

धनु- पराक्रम से कार्यसिद्धि, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मबल में वृद्धि, महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक प्रसन्नता, परोपकार की भावना जागृत।

मकर- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, पारिवारिक मतभेद समाप्त, संभावित यात्रा का कार्यक्रम, मंगल आयोजन संपन्न।

कुम्भ- दिनचर्या अस्त-व्यस्त, अध्यात्म के प्रति अरुचि, राजकीय पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, विचारों में उग्रता, उन्नति में बाधा।

मीन- समय संतोषजनक, परिस्थितियां अनुकूल, सुसंदेश की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, प्रियजनों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

आयोग सदस्या ने डाक बंगले पर सुनी महिलाओं की समस्या

महिला अस्पताल में पहुंच परखी मिलने वाली सुविधाएं

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। राज्य महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप ने बुधवार को डाक बंगले पर विभिन्न क्षेत्रों से आयी महिलाओं की शिकायत्रे सुनी। इसके अलावा उन्होंने बाद में महिला जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करते व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जनजागरूकता को भी लोगों को प्रेरित किया।

बुधवार को मेरठ रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सपना कश्यप ने महिलाओं से संबन्धित प्रकरणों में जनसुनवाई की। जन सुनवाई में कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनको उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निस्तारण किए जाने के साथ आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व में आयोग सदस्य सपना कश्यप ने पूर्व में प्राप्त हुए प्रकरणों की समीक्षा की। आयोग सदस्या ने बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जनपदवासियों से आह्वान किया कि जिले में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। इसके बाद वह जिला महिला चिकित्सालय में

निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को जानने के साथ बाल विवाह के प्रति सभी को जागरूक किया। जन सुनवाई एवं समीक्षा बैठक में इस दौरान महिला कल्याण, पुलिस विभाग, आपूर्ति, श्रम, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, कारागार एवं अन्य विभागों के अधिकारीं व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एटीएम में चोरी का प्रयास, दो आरोपी तमंचे व चाकू के साथ गिरफ्तार

भोपा, 4 फरवरी (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के मोरना स्थित एटीएम में चोरी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को पकड़ा और उनके पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस व एक चाकू बरामद किया है। आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि बीते 25 जनवरी की शाम करीब 5 बजे मोरना स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम केंद्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने घुसकर एटीएम मशीन में छेड़खानी कर चोरी का प्रयास किया था। इसकी सूचना पर बैंक अधिकारी विकास कुमार द्वारा भोपा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। घटना का शीघ्र खुलासा करने में चौकी प्रभारी मोरना पिंटू चौधरी व उनकी टीम की भूमिका अहम रही। चैकिंग के दौरान मुखबिर से उन्हें सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति ककराला राजवाहे पर घूम रहे हैं। इस

सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी पिंटू चौधरी ने कांस्टेबल रोहित कुमार, अनुपम यादव व दलेल यादव को साथ लेकर त्वरित छापेमारी की और दोनों आरोपियों को उसी स्थान से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अभिषेक पुत्र ओमकार निवासी नगला दुहेड़ी और मोहित पुत्र नेमपाल निवासी कम्हेड़ा थाना पुरकाजी बताया। दोनों आरोपियों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

एसएसपी ने नवीन वज्र वाहन का फीता काटकर लोकार्पण किया

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मुजफ्फरनगर को मिले नवीन वज्र वाहन का फीता काटकर एवं विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जनपद के अन्य पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह वज्र वाहन अत्याधुनिक सुरक्षा एवं संचार सुविधाओं जैसे-इंटरकॉम, सीसीटीवी, और सुरक्षित कैबिन जैसी आधुनिक सुविधाएँ से सुसज्जित है, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, आपात स्थितियों एवं संवेदनशील परिस्थितियों में प्रभावी पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस वाहन के शामिल होने से जनपद पुलिस की कार्यक्षमता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आमजन की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। एसएसपी ने कहा कि इस प्रकार

के आधुनिक संसाधनों से पुलिसबल को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक मजबूती मिलेगी तथा जनपद में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में सहायता प्राप्त होगी।

प्रदूषण से लेकर पीजीआई तक सीएम के समक्ष रखा पक्ष

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक प्रवक्ता ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना की क्षमता वृद्धि में धनराशि अवमुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए वेस्ट यूपी में एम्स, मेरठ मेडिकल कॉलेज को पीजीआई घोषित किए जाने, जिला स्तर पर मुकदमों की फाइलिंग केंद्र, प्रदूषण जैसे विषयों के समाधान की मांग की। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए मुजफ्फरनगर के मोरना क्षेत्र में स्थित दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. मोरना के आधुनिकीकरण एवं क्षमता विस्तार के लिए प्रदेश कैबिनेट द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक व क्षेत्र के किसानों की ओर से मुख्यमंत्री का हृदय से आभार किया। इसके साथ धर्मेन्द्र मलिक ने मुख्यमंत्री से जनपद मुजफ्फरनगर में औद्योगिक इकाइयों द्वारा आरडीएफ के नाम पर नगर पालिका ठोस अपशिष्ट/ लीगेसी वेस्ट के जलाए जाने से उत्पन्न गंभीर वायु प्रदूषण के कारण जन स्वास्थ्य की आपात स्थिति एवं संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन में तत्काल दंडात्मक-बाध्यकारी कार्यवाही करने, मेरठ मेडिकल कॉलेज को पीजीआई/ स्वशासी घोषित किए जाने, प्रदेश के सभी जनपदों में हाईकोर्ट मुकदमों की ई-फाइलिंग सुविधा सुचारू रूप से लागू करने, रियल टाइम खतौनी बनाते समय अंश निर्धारण, नाम में त्रुटि ठीक कराने, राजस्व संहिता की धारा-24 के दुरूपयोग,चकबंदी में तकनीकी का उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि इन सभी मुद्दों पर मुख्यमंत्री जी द्वारा समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।

पुलिस हिरासत में गोली मारने के मामले में 22 साल बाद आया फैसला, तत्कालीन थानाध्यक्ष को उम्रकैद

आजमगढ़, 04 फरवरी (एजेंसी)। आजमगढ़ जिले में हिरासत में गोली मारने के मामले में 22 साल बाद फैसला आया। कोर्ट में जिरह के दौरान तत्कालीन थानाध्यक्ष के दोषी करार होने पर उम्रकैद हुई। वहीं दूसरे आरोपी की मौत हो चुकी है। आजमगढ़ जिले में हिरासत में गोली मारने के मामले में कोर्ट ने तत्कालीन थानाध्यक्ष रानी की सराय जेके सिंह को दोषी करार दिया है। 22 साल तक चले मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने तत्कालीन थानाध्यक्ष जेके सिंह ने एक लाख जुमार्ना और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि दूसरे आरोपी हेड कांस्टेबल नरेंद्र बहादुर सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय जय प्रकाश पांडेय की कोर्ट ने बुधवार को सुनाया। रानी की सराय थाने की पुलिस ने 29 मार्च 2003 को एफसीआई के कर्मचारी हरिलाल यादव को बैटरी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर हवालात में बंद कर दिया। हवालात में ही गोली लगने से उसकी मौत हो गई। कस्टडी में मौत के मामले में रानी की सराय थाने की पुलिस ने हेड कांस्टेबल नरेंद्र बहादुर सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की। वहीं मृतक हरिलाल यादव के पुत्र जितेंद्र ने नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि जब वह रात को खाना लेकर रानी की सराय थाने पहुंचे, तो थाना प्रभारी जेके सिंह के ललकारने पर हेड कांस्टेबल नरेंद्र बहादुर सिंह ने उनके पिता हरिलाल यादव को गोली मारी थी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

जम्मू-कश्मीर: उधमपुर के पास मुठभेड़ में जैश के दो आतंकी मारे गये

जम्मू, 04 फरवरी (वार्ता) जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में राज्य के जैश-ए-मोहम्मद संगठन के दो आतंकवादी मारे गये हैं। सेना के '''नाइट कॉर्प्स' ने 'एक्स' पर जानकारी दी, "जम्मू-कश्मीर पुलिस की खुफिया जानकारी के आधार पर सेना की सीआईएफ डेल्टा और सीआरपीएफ के जवानों ने बसंतगढ़ के जोफर वन क्षेत्र में संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान की योजना बनायी और उसे अंजाम दिया। इस दौरान घेराबंदी को और मजबूत किया गया और आतंकवादियों के भागने के रास्ते बंद करने के लिए प्रभावी ढंग से इलाके पर नियंत्रण सुनिश्चित किया गया।" सेना ने अपनी पोस्ट में बताया कि मंगलवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई थी और उन्हें घेरा तोड़कर भागने का कोई मौका नहीं दिया गया। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अनुच्छेद 224ए का इस्तेमाल कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में पांच तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति मंजूर की

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने मंगलवार को संविधान के अनुच्छेद 224ए का इस्तेमाल कर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पांच सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो साल के लिये तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर फिर से नियुक्त किया है। यह कदम आपराधिक मामलों की लंबित भारी संख्या के मद्देनजर उठाया गया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान, मोहम्मद असलम, सैयद आफताब हुसैन रिजवी, रेणु अग्रवाल और ज्योत्सना शर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति की मंजूरी दी।

इंडिगो बंद करेगी कोपनहेगन की उड़ान

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने परिचालन संबंधी सीमाओं और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए कोपनहेगन की उड़ान बंद करने और लंदन तथा मैनचेस्टर के लिए उड़ानों में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह उन मार्गों पर उड़ानों में कटौती करेगी जिन पर वाइडबॉडी विमान बोइंग 787-9 का इस्तेमाल किया जा रहा है। उसने बोइंग 787-9 विमान नोर्स अटलांटिक एयरवेज से डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। संभावना है कि कंपनी इनमें से कुछ विमान वापस भी लौटा सकती है।

बंगाल एसआईआर मामले में ममता सुप्रीम कोर्ट के समक्ष व्यक्तिगत रूप से होंगी पेश

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी बुधवार को उच्चतम न्यायालय के कोर्ट रूम नंबर 1 में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होंगी। यह पेशी पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में होगी। सुश्री बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने की अनुमति मांगने के लिए एक आवेदन दायर किया है। चूंकि उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है इसलिए उनकी उपस्थिति के लिए सुरक्षा मंजूरी मांगी गई है। मुख्यमंत्री के पास कोलकाता के जोगेश चंद्र चौधरी विधि महाविद्यालय से कानून की डिग्री है और उन्होंने संक्षिप्त रूप से वकील के रूप में काम किया है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि उनका अंतिम बार कानूनी प्रैक्टिस 2003 में की थी।

शादी समारोह में डीजे पर झूमे सात बार के विधायक, बेबाक अंदाज़ का वीडियो वायरल

हल्द्वानी, 04 फरवरी (वार्ता) उत्तराखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता, सात बार के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत एक बार फिर अपने अनोखे और बेबाक अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। अपने स्पष्ट बयानों, अलग सोच और जमीन से जुड़े व्यवहार के कारण वे प्रदेशभर में अलग पहचान रखते हैं। राजनीति के साथ-साथ सामाजिक आयोजनों में भी उनकी मौजूदगी हमेशा चर्चा का विषय बन जाती है। इस बार चर्चा का कारण बना है उनका एक वीडियो, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला हल्द्वानी में आयोजित एक शादी समारोह का है, जहां बंशीधर भगत पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। समारोह के दौरान जैसे ही डीजे की धुन बजी, पूर्व कैबिनेट मंत्री खुद को रोक नहीं पाए और मंच पर उतरकर पूरे जोश के साथ डांस करने लगे।

पड़ोसियों ने खेत में लगे पॉपुलर के पेड़ किये नष्ट

पुलिस आरोपियों के विरुद्ध नहीं कर रही कार्यवाही

बुढ़ाना, 4 फरवरी (बु.)। पड़ोसियों ने एक किसान के खेत में लगाए गये पॉपुलर के सैकड़ों पेड़ों को खुर्द-बुर्द कर दिया। इस मामले में पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार ही नहीं कर रही है। अब पीड़ित ने बुढ़ाना सीओ से कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार सुभाष चन्द पुत्र रामपत सिंह निवासी ग्राम नसीरपुर ने बताया कि उसकी भूमि नसीरपुर गांव के जंगल में है। उसने अपनी भूमि में मेढ से लगभग तीन फुट छोड़कर पॉपुलर के पेड़ लगाये हैं किन्तु खेत के पड़ोसी ऋषिपाल और कालूराम पुत्रगण झुम्मन, नीरज और तेजिन्द्र पुत्रगण ऋषिपाल आदि लोग उसके द्वारा लगाये गये पेडो पर आपत्ति कर रहे हैं, जबकि उसने पेड नियम अनुसार लगाये हैं। जब उसने उन्हें कहा कि मैंने तो नियम अनुसार ही अपने खेतों में पेड़ लगाये हैं, तो सभी उसके साथ झगड़ा-फसाद कर गालियां देने लगे। उसने इस मामले की एक तहरीर बुढ़ाना पुलिस को दी, तो इसी बात से क्षुब्ध होकर सभी लोगों ने उसके खेत में लगाये गये उक्त पेड़ों को खुर्द-बुर्द कर दिया तथा उसे और उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। सभी व्यक्ति दबंग और मुठमर्द किस्म के व्यक्ति हैं, जो कभी भी उसके और उसके पुत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उसने उमरपुर पुलिस चौकी को भी तहरीर दे लेकिन पुलिस किसी भी आरोपी को पकड़कर ना तो उनसे पेड़ खुर्द-बुर्द करने के संबंध में कोई भी पूछताछ कर रही है और ना ही उसकी रिपोर्ट दर्ज कर रही है। अब पीड़ित किसान ने सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

नेशनल हाईवे साइन बोर्ड चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार : मुजफ्फरनगर में गैस कटर से काटते थे बोर्ड, शामली के आरोपी

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। तितावी थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे से साइन बोर्ड और लोहे की पत्तियां चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी वाहन चालकों को दिशा-निर्देश देने वाले बोर्ड भी चुराते थे। पकड़े गए दोनों आरोपी जनपद शामली के निवासी हैं और कई महीनों से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अली और अकरम के रूप में हुई है, जो शामली जनपद के कैराना क्षेत्र के निवासी हैं। वे गैस कटर का उपयोग कर नेशनल हाईवे पर लगे लोहे के साइन बोर्ड, पाइप और डिवाइडर की लोहे की पत्तियों को काटते थे। चोरी किए गए सरकारी सामान को कबाड़ियों को बेचकर वे अवैध लाभ कमाते थे।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल हाईवे से लगातार सरकारी संपत्ति चोरी होने की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए तितावी पुलिस को विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए साइन बोर्ड, लोहे की पत्तियां, पाइप और अन्य संबंधित सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी लंबे समय से ऐसी चोरियां कर रहे थे, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान हो रहा था और हाईवे पर वाहन चालकों को दिशा-निर्देशों के अभाव में परेशानी हो रही थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल

भेज दिया है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

नालंदा पब्लिक स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरण

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। चरथावल स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। गोल्ड प्लस ग्लास इंडस्ट्रीज के वाइस-चेयरमैन सुरेश त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। इस अवसर पर सुरेश त्यागी ने अपने संबोधन में शिक्षा को किसी भी समाज की सबसे मजबूत नींव बताया। उन्होंने कहा कि जब बेटियों को समान अवसर मिलते हैं, तभी समाज वास्तविक रूप से प्रगति करता है। त्यागी ने जोर दिया कि साइकिल जैसी सुविधाएं छात्राओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाती हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहती है। सुरेश त्यागी ने उद्योग जगत और सामाजिक संगठनों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया। उनका मानना था कि ऐसे प्रयासों से आने वाली पीढ़ी सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकेगी। कार्यक्रम में उद्योगपति अनिल त्यागी ने भी सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर मजबूत करना आज की आवश्यकता है। अनिल त्यागी ने बताया कि समाज और उद्योग का आपसी सहयोग शिक्षा को नई दिशा दे सकता है, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। समारोह की अध्यक्षता नालंदा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन वीनेश त्यागी ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना भी है। इस कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ, क्षेत्र के गणमान्य लोग, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, 04 फरवरी (वार्ता) व्हाइट हाउस ने बुधवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नये समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा

कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिबद्धता ज़ाहिर की। उन्होंने कहा, "जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है।" सुश्री लेविट ने कहा, "भारत ने न सिर्फ़ रूसी तेल नहीं खरीदने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फ़ायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा।" उन्होंने दावा किया कि श्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है।

कुत्तों से हमला कर 40 देशी मुर्गियां मरवाने का आरोप

पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। जनपद के सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव मिर्जा टिल्ला से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कृपाल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही धारा सिंह और उसके पुत्र प्रिंस ने उसके घर पर अपने कुत्तों के साथ हमला करवा दिया, जिससे उसकी करीब 40 देशी मुर्गियां मर गईं। पीड़ित कृपाल सिंह के अनुसार, इस घटना में उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि आरोपी जान-बूझकर अपने कुत्तों को उसके घर की ओर छोड़कर आए, जिससे मुर्गियों पर हमला हुआ और बड़ी संख्या में मुर्गियां मारी गईं। कृपाल सिंह ने आरोप लगाया कि जब वह शिकायत लेकर पुलिस चौकी पहुंचा तो चौकी प्रभारी ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और उसे टरका दिया। पीड़ित ने अब पुलिस प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत पत्र प्राप्त कर मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

उच्चतम न्यायालय एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त, ईडी और सीबीआई को फटकार

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में अकारण देरी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई है। इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल ए

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

संसद में हंगामा और निकृष्ट राजनीति

संसद में हंगामा पिछले दिनों से चल रहा है, कल शाम पांच बजे प्रधानमन्त्री संसद में बोलने वाले थे, लेकिन हंगामे के चलते लोकसभा की कार्रवाई स्थगित कर दी गयी। संसद में भीतर और बाहर जो कुछ हो रहा है, वह निकृष्ट राजनीति के दायरे ही में आता है। सभापति की ओर कागज फेंके जा रहे हैं, नारेबाजी चल रही है। संसद के बाहर राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के बीच बहस हुई। राहुल गांधी ने कांग्रेस के तीन बार के सांसद रवनीत बिट्टू, जो 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे, को अपना "गद्दार दोस्त" कहा। इस पर भाजपा नेता बिट्टू ने तुरंत तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी को "देश का दुश्मन" बताया। मकर द्वार के पास विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के बीच से बिट्टू के गुजरते समय राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना गया, 'देखो, एक गद्दार मेरे सामने से गुजर रहा है। उसका चेहरा देखो'। इसके बाद गांधी ने बिट्टू की ओर हाथ बढ़ाते हुए कहा, नमस्कार भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, तुम वापस आओगे। बिट्टू ने हाथ मिलाने से इनकार कर दिया और तीखी प्रतिक्रिया देते हुए गांधी को 'देश का दुश्मन' कहा। दोनों नेताओं के बीच कुछ देर तक कहा-सुनी भी हुई। इसके बाद राहुल गांधी सिख नेताओं के निशाने पर आ गए। राहुल गांधी और रवनीत बिट्टू के बीच की बहस की वीडियो क्लिप चला कर कई चैनलों ने कई वक्ताओं को जोड़कर कई घंटे इसी पर बहस भी कराई। निकृष्ट राजनीति का नमूना यह भी दिखाई दिया, कांग्रेस सांसदों ने संसद की सीढ़ियों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए एक पोस्टर पकड़ा हुआ था, जिस पर लिखा था "प्रधानमन्त्री भ्रष्ट हैं"। यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी द्वारा एक दिन पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर की गई टिप्पणी के बाद हुआ। निकृष्ट राजनीति के चलते लोकसभा सांसद गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, बी. मणिक्कम टैगोर, डॉ. प्रशांत ओराव पाडोले, चमाला किरण कुमार रेड्डी और एस. वेंकटेशन को सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई सदन के नियमों का उल्लंघन करने के लिए की गई है, जब राहुल गांधी ने लोकसभा में चीन का मुद्दा उठाया था। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के संबोधन के दौरान विपक्षी नेताओं ने स्पीकर ओम बिड़ला के सामने बैनर लहराए और नारे लगाए, जिससे भारी हंगामा हुआ। लोकसभा को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। हंगामे के बीच पीयूष गोयल ने ट्रेड डील पर लोकसभा को संबोधित किया। गोयल ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा की। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया और नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों की सफलतापूर्वक रक्षा की है। उन्होंने बताया कि करीब एक वर्ष तक चले गहन विचार-विमर्श के बाद भारत और अमेरिका के वातार्कारों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के कई अहम क्षेत्रों को अंतिम रूप दिया। 2 फरवरी 2026 को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसके बाद अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। गोयल ने जोर देकर कहा कि यह दर अमेरिका द्वारा कई अन्य प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए टैरिफ से कम है। संसद के वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए लोकसभा के आठ सदस्यों ने कल संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इन सांसदों ने संसद के मकर द्वार के निकट सरकार और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। संसद में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में विपक्ष और बीजेपी सांसदों के बीच भी बहस हुई है।ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेण रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। कल सदन में हालात तब बिगड़ गए, जब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी पलटवार करते हुए सदन में किताबें दिखाई, इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा करना शुरू कर दिया। निशिकांत दुबे ने गांधी परिवार और कांग्रेस पर लिखी किताबें और नोट्स दिखाए। उन्होंने कहा इन किताबों में गांधी परिवार और कांग्रेस परिवार की मक्कारी, गद्दारी, भ्रष्टाचार और अय्याशी का जिक्र है। निशिकांत की कोट की गई किताबों में एडविना एंड नेहरू, रेमिनिसेंस ऑफ द नेहरू एज, द रेड साड़ी, एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर सहित दूसरी किताबें और नोट्स दिखाए। इसके बाद फिर नारेबाजी हुई। निशिकांत दुबे ने जवाहर लाल नेहरू द्वारा आर्मी कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियपा को लिखी चिट्ठी का उल्लेख किया। यह चिट्ठी नाच गाने की व्यवस्था करने के लिए लिखी थी? निशिकान्त दुबे ने नेहरू का यह खत सोशल मीडिया में शेयर किया है। साथ में लिखा है-मैं बोलूंगा तो आग लग जाएगी। निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी को लेकर कहा है कि राहुल गांधी ने संसद को बीते कुछ दिनों से बंधक सा बना लिया है। उनकी वजह से संसद में कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। निशिकांत दुबे ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने लोकसभा में ऐसी किताब का जिक्र किया है, जो आज तक छपी ही नहीं है। उनकी बातें बे सिर पैर की हैं, जिसका कोई मतलब नहीं है। भाजपा सांसद ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वो तो उस किताब का जिक्र कर रहे हैं, जो अभी तक छपी ही नहीं, लेकिन मैं ऐसी किताबें लेकर आया हूं, जो छपी हैं, लेकिन भारत में प्रतिबंधित हैं। उन्होंने कहा कि आर्मी एक्ट के तहत किताब लिखने से पहले रक्षा मंत्रालय की अनुमति लेनी होती है। मनोज मुकुंद नरवणे खुद कह चुके हैं कि एक इंच जमीन नहीं गई। छोटी सी बात को लेकर संसद को बंधक बनाया गया है। इसीलिए मैं चाह रहा हूं कि इन किताबों का भी जिक्र हो। निशिकांत दुबे ने कहा, माउंटबेटन और एडविना के साथ ने किस तरह देश का बंटवारा किया गया और कैसे नेहरू एडविना के साथ मिल बैठकर कैसे देश की सारी जानकारी देते थे। बिना छपी किताब पर राहुल गांधी जी आपने पिछले 3 दिनों से संसद को बंधक बनाकर रखा है। कुछ छपी किताब पर भी सदन में बहस हो जाए।

चार तीर

सुनील उत्सव

'जनहित' 'संसद' 'हंगामा' 'निकृष्टता'

देश के हित की चर्चा गायब,जनहित का भी ध्यान नहीं,
संसद में हंगामा करना,नेताओं का शौक हुआ।
निकृष्टता ही निकृष्टता है,उत्कृष्टता की बात नहीं,
गिरते-गिरते रोज ही गिरना, नेताओं का शौक हुआ।

ललितपुर में महिलाओं ने शराबी पतियों से तंग आकर ठेकों की शराब सड़कों पर फेंकी

ललितपुर, 4 फरवरी (एजेंसी)। सरकार नई-नई दुकान खोलकर लगातार शराब को बढ़ावा दे रही है, वहीं दूसरी ओर आज की महिलाएं शराबी पतियों से इतना तंग आ चुकी हैं कि उन्होंने एक अनोखा कार्य कर दिखाया है। यूपी के ललितपुर में महिलाओं ने शराब के ठेकों पर धावा बोला और दुकानों से शराब उठा-उठाकर सड़कों पर फेंक दी, हजारों लीटर शराब जब सड़कों पर फेंकी गई तो देखने वालों का तांता लग गया और सभी ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं ने ऐसा कर-के सरकार को भी आईना दिखाया है और ऐसे पतियों को भी आईना दिखाया है, जो रोज पीकर घरों में आते हैं और जमकर उत्पात करते हैं। सिर्फ पत्नियों का ही नहीं बच्चों का भी जीवन बर्बाद कर रहे हैं। अक्सर भारत देश में देखा गया है कि शराब पीने वाले अक्सर अपने लिए जीने लगते हैं। बस शाम को शराब के पैसों का इंतजाम कहां से हो,

यही उद्देश्य आधे से अधिक शराबियों का रहता है। ना उन्हें पत्नी के खर्चे की परवाह और ना ही बच्चों की स्कूल की फीस आदि भरने की परवाह होती है। रोजाना शराब पीकर आने वालों से ही तंग होकर यूपी के ललितपुर की महिलाओं ने ऐसा कदम उठाया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ है और सभी ने इसकी सराहना की है।

हिमाचल प्रदेश में अज्ञात बदमाशों ने जन शताब्दी एक्सप्रेस पर फेंके पत्थर

ऊना, 04 फरवरी (वार्ता) हिमाचल प्रदेश के ऊना में जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने की घटना ने जिले में रेलवे की सम्पत्ति और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिताएं पैदा कर दी है। गौरतलब है कि हाल ही में आनंदपुर साहिब और नंगल डैम रेलवे स्टेशन के बीच कुछ बदमाशों ने ट्रेन के डिब्बों पर पत्थर फेंके। पत्थरबाजी में डिब्बों की खिड़कियां टूट गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि घटना के समय जन शताब्दी एक्सप्रेस नयी दिल्ली से ऊना जा रही थी। कुछ अज्ञात बदमाशों ने जिदबाड़ी इलाके के पास ट्रेन को निशाना बनाया। इस घटना से यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। पत्थरबाजी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वृद्ध महिला से अभद्रता व छीना-झपटी कर कुंडल छीनने वाला अभियुक्त 12 घंटे में गिरफ्तार

चरथावल, 4 फरवरी (बु.)। चरथावल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 71 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ अभद्रता एवं छीना-झपटी करने वाले आरोपी को मात्र 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से छीना गया कान का कुंडल भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मुथरा की निवासी संसारवती (71 वर्ष) ने गत् दिवस को थाना चरथावल में तहरीर देकर बताया कि अभियुक्त भगत सिंह पुत्र कृष्णपाल, निवासी ग्राम-सिरसलगढ़, थाना बिनौली, जनपद बागपत ने जंगल के रास्ते में उनके साथ जबरदस्ती छीना-झपटी की। आरोप है कि अभियुक्त ने गलत नीयत से उनका मुंह दबाकर ईख के खेत की ओर खींचने का प्रयास किया, इसी दौरान उनका एक कान का कुंडल भी गिर गया था। गत् दिवस हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया था और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्यवाही की क्षेत्रवासी बड़ी सराहना करते नजर आ रहे हैं। वहीं इस कार्यवाही के डर से अन्य अपराधियों मे भी भय व्याप्त होगा । गत् दिवस हुई इस घटना के बाद पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना चरथावल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक नंद किशोर शर्मा एवं हैड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह द्वारा आज आरोपी को चौकड़ा रोड स्थित मुर्गा फार्म हाउस के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से कान का कुंडल भी बरामद कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

अमिताभ बच्चन ने भगवान दादा की नृत्यशैली को अपनाया

मुंबई, 04 फरवरी (वार्ता) बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नृत्य शैली के कई दीवाने है, लेकिन खुद अमिताभ बच्चन जिनके दीवाने थे और उनकी नृत्य शैली को अपनाया, लेकिन उस अभिनेता को आज की पीढ़ी नही जानती है, यह अभिनेता थे पचास के दशक के सुपरस्टार भगवान दादा। फिल्म जगत में भगवान दादा के नाम से मशहूर भगवान आभा जी पल्लव से फिल्मों से जुड़ी कोई भी विधा अछूती नहीं रही। वह ऐसे हसमुख इंसान थे, जिनकी उपस्थिति मात्र से माहौल खुशनुमा हो उठता था। हंसते हंसाते रहने की प्रवृति को उन्होने अपने अभिनय, निर्माण और निर्देशन में खूब बारीकी से उकेरा। उनका यह अंदाज आज भी उनके चहेतों की यादों मे तरोताजा है ।भगवान दादा का जन्म वर्ष 1913 में मुंबई में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता एक मिल वर्कर थे । बचपन के दिनो से भगवान दादा का रूझान फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे ।

मोदी सात फरवरी को दो दिन की मलेशिया यात्रा पर जायेंगे

नयी दिल्ली 04 फरवरी (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात और आठ फरवरी को दो दिन की यात्रा पर मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि श्री मोदी वहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके अलावा वह भारतीय समुदाय के लोगों, स्थानीय उद्योगपतियों और कारोबारियों से भी मिलेंगे। वह 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम में भी शिरकत करेंगे जिसमें विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद होंगे। प्रधानमंत्री श्री इब्राहिम के निमंत्रण पर क्वालालंपुर जा रहे हैं। यह उनकी तीसरी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के "वृहद रणनीतिक स्तर तक उन्नयन के बाद" पहली मलेशिया यात्रा है। मलेशिया के साथ भारत की पुरानी मित्रता रही है जो दोनों देशों के साझा ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित है। वहां भारतीय मूल के 29 लाख लोग रहते हैं।

डील नहीं - ढील है, यह समझौता नहीं, समर्पण है : अखिलेश यादव

लखनऊ 04 फरवरी (वार्ता) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "डील नहीं, ढील है", जो भी समझौता देश की 70 प्रतिशत कृषि आधारित जनता के हितों के खिलाफ होगा, वह कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकता। बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सदन में कृषि और डेयरी को बचाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि ज़मीनी सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा, "जब डील की शर्तें अभी तय ही नहीं हुई और न ही हस्ताक्षर हुए हैं, तो पहले से फायदे के दावे कैसे किए जा सकते हैं? हर ट्रेड डील लाभ-हानि की तराजू पर तोली जाती है, सवाल यह है कि फ़ायदे में कौन है और नुक़सान में कौन।" उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इन दावों का संज्ञान लिया जाएगा और अगर ये झूठे साबित हुए तो कार्रवाई की मांग की जाएगी। सपा प्रमुख ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, "भाजपाई हानि का उत्सव न मनाएं। यह डील एक आपदा है, इसमें कमीशनखोरी के अवसर न तलाशें।" अखिलेश यादव ने समझौते को "समर्पण" करार देते हुए कहा कि लोग यह तक कह रहे हैं मानो भारत से 500 अरब डॉलर की रंगदारी वसूली जा रही हो। उन्होंने सरकार समर्थकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो इसे कूटनीति की जीत बता रहे हैं, वे भी जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय ताक़तें अपनी शर्तों पर मुनाफ़े का ढांचा तैयार कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा कि इस सौदे को "मील का पत्थर" बताने वालों की समझ पर सवाल उठते हैं और जो इसे सरकार के दबदबे की जीत बता रहे हैं, वे भीतर ही भीतर दबाव महसूस कर रहे हैं।

राजनैतिक दलों के साथ हुई एसआईआर पर अफसरों में चर्चा

सभी से जरूरी फॉर्म भरकर वोट बनाने के लिए मांगा सहयोग

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत बुधवार को डीएम-जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ में विचार विमर्श किया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत जनपद में प्राप्त फार्म-6, फार्म-6ए, फार्म-7 एवं फार्म-8 के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सभी से अनुरोध किया कि आयोग द्वारा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि जनपद के सभी पात्र समय रहते अपना फार्म भर कर अपने बीएलओ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दें। उन्होंने बताया कि फार्म भरते समय अपना मोबाइल नम्बर अवश्य भरें। फार्म-7 भरते समय अपना मोबाइल नम्बर एवं अपना पहचान पत्र नम्बर अवश्य भरें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को बताया कि फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 में आवेदन करने वाले आवेदनकर्ताओं की संकलित सूची प्रारूप-9, प्रारूप-10, प्रारूप-11, प्रारूप-11ए और प्रारूप-11बी विधानसभावार उपलब्ध करायी गई है, साथ ही मतदेय स्थलों पर नियुक्त किए गए बूथ लेवल अधिकारियों की सूची भी उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस दिशा में सहयोग की अपील की। बैठक में बताया गया कि यदि किसी मतदाता द्वारा अपना नाम चेक करना है, तो वो आयोग की वेबसाइट के बटन पर क्लिक करके अपने से सम्बंधित विवरण की पुष्टि भी की जा सकती है। मतदाता भी अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं तथा अपने मोबाइल में ऐप को डाउनलोड करके भी आयोग की उक्त सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता वार्ता में खाद्य, कृषि क्षेत्र की संवेदनशीलता का ध्यान रखा है : गोयल

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को फिर कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता वार्ता के दौरान भारत ने देश के खाद्य एवं कृषि क्षेत्र की प्रमुख संवेदनशीलताओं का पूरा ध्यान रखा है। श्री गोयल ने लोक सभा में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संबंध में दोनों देशों की ओर से की गयी घोषणाओं पर अपने एक वक्तव्य में कहा कि भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। अमेरिकी पक्ष के भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जो उनके दृष्टिकोण से संवेदनशील हैं। गौरतलब है कि श्री गोयल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भी कहा था कि अमेरिका के साथ होने वाले व्यापार समझौते में भारत कृषि क्षेत्र की संवदेनशीलता का ध्यान रखेगा। इस बारे में की गयी वार्ताओं में यह स्पष्ट भी किया गया है।

एसएसपी ने सब-इंस्पेक्टर्स के कांधों पर लगाए 'स्टार', पदोन्नति पर दी शुभकामनाएं

मुजफ्फरनगर, 4 जनवरी (बु.)। जनपद में तैनात उपनिरीक्षकों के लिए आज का दिन हर्ष और गर्व का रहा। विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के अंतर्गत सब-इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट हुए पुलिस अधिकारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल ने पदोन्नत हुए अधिकारियों के कंधों पर तीसरा स्टार लगाकर उन्हें आधिकारिक रूप से निरीक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी। अधिकारियों ने पदोन्नत निरीक्षकों को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदोन्नति पाने वाले मुख्य अधिकारियों में के.पी. सिंह, थाना सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर, लतेश वर्मा : थाना खतौली, मुजफ्फरनगर शामिल हैं। इस अवसर पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पदोन्नत हुए अधिकारियों के पिछले कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति न केवल एक सम्मान है, बल्कि यह अपने साथ और अधिक जिम्मेदारी और पारदर्शिता की मांग करती है। उन्होंने अधिकारियों से इसी निष्ठा और ऊर्जा के साथ जनसेवा करने का आह्वान किया।

अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ 33वां विमान

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के बेड़े में बुधवार को 33वां विमान शामिल हुआ। एयरलाइन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नया बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान आज बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर उतरा। इस साल कंपनी के बेड़े में शामिल होने वाला यह दूसरा विमान है। अकासा लगातार अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। उसने साल 2030 तक दुनिया की शीर्ष 30 विमान सेवा कंपनियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है। साल 2022 में परिचालन की शुरुआत करने वाली एयरलाइंस ने बताया कि उसने कुल 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर दिये हैं जिनमें 33 की डिलिवरी हो चुकी है और अन्य 193 की डिलिवरी अगले छह साल में होनी है। अकासा एयर के इस विमान को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर लेकर आने वाले चालक दल के सदस्यों में दोनों महिला पायलट हैं। मुख्य पायलट स्वेतलाना पेरिएरा और को-पायलट करेन नोरोना इसे लेकर भारत आयी हैं।

मणिपुर से हटा राष्ट्रपति शासन

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) केन्द्र ने बुधवार को मणिपुर से राष्ट्रपति शासन हटाने की घोषणा की। यह निर्णय तत्काल प्रभावी हो गया है। मणिपुर में 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। गृह मंत्रालय की बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रपति ने राज्य से राष्ट्रपति शासन हटाने का फैसला किया है। यह फैसला चार फरवरी 2026 से प्रभावी होगा।

KRSS PUBLIC SCHOOL
Circular Road, Opposite Canara Bank, Muzaffarnagar
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Class Play to 5th Class
REQUIREMEMNTS
1. ACCOUNTANT
Minimum 10 years experience of Income-Tax, with knowledge Tally, Excel and MS Office
2. Female Teacher
3. PEON (Female)
4. GUARD
Send your CV/Resume on
Email address: skci1962@gmail.com or School time between 10.00 A.M. - 12.30 P.M.
PRINCIPAL
(PHONE: 9458535447)

फरीदाबाद में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

चंडीगढ़/फरीदाबाद 04 फरवरी (वार्ता) हरियाणा के फरीदाबाद जिले में बुधवार सुबह छह से आठ ठिकानों पर छापेमारी की गई। स्कूल और कंपनी मालिकों के घर आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की टीमें शहर के अलग-अलग छह से आठ ठिकानों पर जांच कर रही हैं। इन ठिकानों में निजी स्कूल, कंपनियों के कार्यालय और कंपनी मालिकों के आवास शामिल बताए जा रहे हैं। आज सुबह करीब छह बजे आयकर विभाग की कई टीमें भारी पुलिस बल के साथ फरीदाबाद पहुंचीं। इसके बाद टीमों को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई एक साथ की गई सबसे बड़ी आयकर छापेमारियों में से एक है। सुरक्षा की दृष्टि से छापेमारी स्थलों पर पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

बांके बिहारी मंदिर रेलिंग विवाद : 'कनिका' फर्म के पार्टनर सलीम खान ने तोड़ी चुप्पी

मथुरा/वृंदावन, 4 फरवरी (एजेंसी)। श्री बांके बिहारी मंदिर में स्टील रेलिंग लगाने के कार्य को लेकर उपजे विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी और ठेकेदार बताए जा रहे सलीम खान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आकर अपनी फर्म, पार्टनरशिप और मंदिर में चल रहे कार्य की स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने विरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्षों पुरानी फर्म को केवल उनके नाम की वजह से निशाना बनाया जा रहा है। सलीम खान ने स्पष्ट किया कि जिस फर्म के जरिए कार्य किया जा रहा है, उसका नाम 'कनिका' है। उन्होंने नाम छिपाने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया, "यह फर्म करीब 10-15 साल पुरानी है, जब यह बनाई गई थी, तब मेरे एक हिंदू पार्टनर की बेटी के नाम पर इसका नाम 'कनिका' रखा गया था। इसमें कुछ भी नया या फर्जी नहीं है।" सलीम ने आगे बताया कि फर्म में आज भी उनके पार्टनर रंजन शर्मा शामिल हैं और वही साइट पर होने वाले कार्यों की देखरेख करते हैं। उन्होंने दावा किया कि मंदिर परिसर में काम करने वाले सभी कारीगर भी हिंदू हैं। विवाद पर अपना पक्ष रखते हुए सलीम खान ने कहा कि वह खुद कभी मंदिर के भीतर नहीं गए। उन्होंने कहा, "मैं खुद को जानबूझकर साइट से दूर रखता हूं ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों। मैं फैक्ट्री में रहता हूं और रंजन शर्मा मंदिर का काम देखते हैं। मेरे लिए यह केवल एक ठेका नहीं, बल्कि सेवा का अवसर है। भगवान जिसे चाहते हैं, उसे अपनी सेवा का मौका देते हैं।" बिना टेंडर काम मिलने के आरोपों पर सलीम खान ने स्वीकार किया कि इसके लिए कोई औपचारिक टेंडर प्रक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन सब कुछ पारदर्शी था।

कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस केवल अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर ही मंजूर किया जा सकता है: सभापति

नयी दिल्ली 04 फरवरी (वार्ता) राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को स्पष्ट किया कि सदन में नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव के केवल वही नोटिस स्वीकार किये जा सकते हैं जो बेहद अत्यंत महत्वपूर्ण और आपात स्थिति से जुड़े हों। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के डा जॉन ब्रिटास ने शून्यकाल के दौरान सभापति से जानना चाहा कि उन्होंने सभी विधायी कामकाज रोककर भारत अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया था उसका क्या हुआ। सभापति ने कहा कि उनका नोटिस स्वीकार नहीं किया गया है। सदस्य के बार-बार प्रतिवाद करने पर उन्होंने कहा कि सदन में नियम 267 के तहत केवल वही मुद्दे उठाये जा सकेंगे जो अत्यंत महत्वपूर्ण और आपात स्थिति से जुड़े हों।

बीएलओ की पिटाई से गुस्साए सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दी धरने की दी धमकी

इटावा, 04 फरवरी(वार्ता) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिह यादव ने अपने गृह जिले इटावा में बीएलओ की पिटाई से गुस्साए जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मारपीट की घटना करने वाले भाजपाई के खिलाफ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो वह धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिह यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया और उनके समर्थकों ने चौबिया में बीएलओ अश्विनी कुमार के साथ मारपीट करने के साथ अपमानजनक व्यवहार किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल भाजपा मंडल अध्यक्ष और उसके समर्थकों की पिटाई के शिकार चौबिया के बीएलओ अश्वनी कुमार के साथ इटावा के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला और एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से उनके ऑफिस में मिलने को पहुंचे थे।

गोल्डी बराड़ के 2 गुर्गे गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल कार तथा बाइक हुई बरामद

मोहाली, 04 फरवरी (वार्ता) पंजाब में मोहाली जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर 23 जनवरी को हुए सनसनीखेज गुरविंदर सिह हत्याकांड में एस.ए.एस. नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी. हरमनदीप सिह हंस ने बुधवार को कहा कि इस हत्याकांड की साजिश विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर सतिदरजीत सिह उर्फ गोल्डी बराड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, 23 जनवरी को गुरविदर सिह अपनी पत्नी अमरदीप कौर के साथ मोहाली कोर्ट में पेशी के लिए पहुंचे थे। दोपहर करीब 3 बजे जब वे पेशी के बाद अपनी कार की ओर जा रहे थे, तभी दो व्यक्ति काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिलों पर सवार हो कर आये हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए पास ही खड़ी एक सफेद होंडा अमेज कार के पास पहुंचे, मोटरसाइकिल वहीं छोड़ी, कपड़े बदले और कार में सवार होकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिर

शादियों के सीजन में बाजार पर करोड़ों की वार फेर

मुजफ्फरनगर, 4 फरवरी (बु.)। शुक्र के उदय के साथ पिछले चार माह से चल रहा सन्नाटा टूटने वाला है। चार फरवरी से शहर समेत जिले भर में बैंड, बाजा और बारात का धूम धड़ाका शुरू होने जा रहा है। इससे जहां बाजार को खासी उम्मीद है, वहीं विवाह समारोहों में काम करने वालों के चेहरे खिले हैं। बैंकट हाल, होटल और धर्मशालाएं फुल हैं तो लोग गली

बैंकट हाल, होटल और धर्मशालाएं फुलः टेंट हाउस, कैटरर और फोटो ग्राफर भी हुए व्यस्त

मुहल्लों में भी टेंट लगाकर शादियों की तैयारी में व्यस्त हैं। शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण इस बार मकर संक्रांति पर भी विवाह मुहूर्त नहीं था। ऐसे में अब शुक्र उदय होने के साथ चार फरवरी से ताबड़तोड़ विवाह मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। इसके

चलते बाजार में सहालग की खरीद तेजी से जारी है। इस मौके पर करोड़ों रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। कपड़ा बाजार, इलेक्ट्रानिक्स, सर्राफा और ऑटोमोबाइल और सोफा व बैड आदि बेचने वालों के पास अच्छी खरीद देखी जा रही है। विशेष रूप से फरवरी में अधिक मुहूर्त होने के कारण यह पूरा महीना विवाह शादियों के नाम रहने वाला है। फोटो और वीडियोग्राफी, बैंड-बाजे, बग्घियों, घोड़ियों और सजावट के सामान की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ दिख रही है।

लगभग सभी दुकानों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। शादियों के इस सीजन में न केवल मांग बढ़ी है बल्कि बैंड और बग्घियों के दामों में भी इजाफा देखने को मिला है। दुकानदारों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी सीजन में काम अच्छा मिल रहा है लेकिन महंगाई के कारण अब खर्च भी पहले से कहीं ज्यादा हो गया है। डीजे जमकर गूंजने को तैयार हैं। कैटरर से लेकर छोटे बड़े हलवाई तक इस सीजन के लिए बुक हो चुके हैं। चार फरवरी को पहले मुहूर्त के साथ ही बड़ी संख्या में दूल्हे घोड़ी चढ़ने को तैयार हैं और दुल्हनें ब्यूटी पार्लर में सजने की तैयारी कर रही हैं।

इस बार होगा शादियों का जोर

खरमास व शुक्र के होने के बाद फरवरी में 04, 05, 06, 08, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 व 26, मार्च में 02, 03, 04, 07, 08, 09, 11, 12, अप्रैल में 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, मई में 01, 03, 05, 06, 07, 08, 13, 14, जून में 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29 और जुलाई में 01, 06, 07, 11, 12 के मुहूर्त हैं। अगस्त, सितंबर व अक्तूबर महीनों में चातुर्मास (भगवान विष्णु के योग निद्रा में चले जाने पर) विवाह का कोई मुहूर्त नहीं रहेगा। इसके बाद नवंबर में 21, 24, 25, 26 और दिसंबर में 02, 03, 04, 05, 06, 11, 12 की तिथियों में शादी विवाह हो सकेंगे।

ब्यूटी पार्लर्स पर बुकिंग फुल

मुजफ्फरनगर। शादी-विवाह का सीजन शुरू होते ही शहर के ब्यूटी पार्लरों और सैलून में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिल रही है। दुल्हन के स्टेज पर आने के खास पल को यादगार

बनाने के लिए दुल्हनें तो पहले से ही मेकअप और श्रृंगार की तैयारियों में जुट ही गई हैं, साथ ही परिवार की अन्य युवतियां भी पार्टी के लिए अपनी तैयारी में पार्लर में बुकिंग करा रहीं हैं। इसका सीधा असर पार्लर कारोबार पर पड़ रहा है, जहां ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप और मेंहदी की एडवांस बुकिंग तेजी से बढ़ी है।

बैंड, बाजा और बारात में जाम से जूझेगा शहर

मुजफ्फरनगर। शादियों के मौसम में एक बार फिर यातायात व्यवस्था का बैंड बजने वाला है। खासतौर से उन इलाकों में शादियों का सीजन मुसीबत लाने वाला है, जहां बड़ी संख्या में बैंकट हॉल हैं। अधिकांश बैंकट हॉल ऐसे हैं, जिनके पास पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में इनमें समारोह के दौरान आने वाले वाहनों की पार्किंग सड़क पर ही होती है। इस पर बारात पहुंचती है तो स्थिति और खराब हो जाती है। शहर में गांधी कॉलोनी लिंक रोड, पचैंडा रोड, जानसठ रोड, रुडकी रोड समेत तमाम सड़कों पर बैंकट हॉल्स की कतार हैं। इनमें अधिकांश ऐसे हैं जिनके पास पार्किंग की व्यवस्था शून्य है। इसके चलते यहां आने वाले वाहनों को सड़क पर ही पार्क किया जाता है। इसके चलते सड़क पर आवागमन बाधित हो जाता है। ऐसे में जिस समय बारात आ रही होती है, उस समय तो स्थिति भयावह हो जाती है। ऐसे में विवाह समारोहों के दौरान इन मार्गों से गुजरना लगभग असंभव हो जाता है। इसके अलावा जिन स्थानों पर गली मुहल्लों में टेंट गाड़कर शादियां की जाती हैं, वहां स्थिति भयावह हो जाती है। बारात या घुड़चढ़ी के दौरान सड़क पर बजते बैंड या नाचते बारातियों को छेड़ना संभव नहीं होता है। ऐसे में या तो रास्ता बदलो या फिर रास्ता मिलने का इंतजार करो। ऐसे में यातायात पुलिस भी बेबस हो जाती है।

सोना महंगा तो आर्टी फीशियल ज्वैलरी की पसंद

मुजफ्फरनगर, 3 फरवरी (बु.)। सोने चांदी की महंगाई इस बार विवाह आयोजनों पर भारी पड़ रही है। इसके अलावा भीड़ भाड़ में छीन पट या चोरी के घटनाओं से बचने के लिए आर्टीफीशियल ज्वेलरी का बाजार गर्म हो रहा है। सहालग के चलते बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। श्रृंगार से लेकर कपड़े और अन्य सामान की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ रही है। सोने के आभूषण आम लोगों की पहुंच से दूर हो रहे हैं तो महिलाएं और युवतियां शादियों में पहनने के लिए आर्टिफिशियल ज्वेलरी के सेट को ज्यादा पसंद कर रही हैं। इसके साथ ही कंपनियों की तरफ से श्रृंगार के सामान पर भारी छूट लोगों को दुकान की तरफ खींच रहे हैं। बाजारों में खरीदारों की भीड़ दिख रही है। बाजार में रविवार को श्रृंगार की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ रही। लगन शुरू होने को है। घरों और रिश्तेदारी में शादी पड़ने के कारण महिलाएं व युवतियां चूड़ी, कंगन, लिपस्टिक, परफ्यूम, फाउंडेशन, क्रीम, पाउडर सहित अन्य सामान की खरीदारी कर रही हैं। श्रृंगार सामान विक्रेता कहते हैं कि सोने-चांदी के आभूषण आम लोगों की पहुंच से दूर हो रहे हैं। इस वजह से युवतियां शादियों में पहनने के लिए ब्राइडल सेट की खरीदारी रही हैं। जयमाल के समय दुल्हन के पहनने के लिए ब्राइडल सेट दो हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं। पहले लोग ब्राइडल सेट को पहनने के लिए किराये पर लेते थे, मगर अब खरीद रहे हैं। दुल्हन के पहनने के लिए कंगन चार सौ रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक में उपलब्ध हैं।

अब पालिका के 218 निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल

▶ सभासदों ने ईओ से निविदा निरस्त कराने को लिखा पत्र ▶ कार्यों के पुनः टेंडर आमंत्रित करने, दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। पालिका में निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं। नगर क्षेत्र में सड़कों और नालों समेत 218 निर्माण कार्यों के लिए आमंत्रित निविदाओं की जांच में ठेकेदार फर्मों द्वारा लगाए गए दस्तावेजों में गड़बड़ी सामने आने की चर्चाएं तेज हैं। इसको लेकर भाजपा खेमे के सभासदों ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूरी टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कराते हुए फिर निविदा आमंत्रित करने की मांग की है। नगरीय क्षेत्र में प्रस्तावित 218 निर्माण कार्यों के लिए पालिका में चल रही निविदा प्रक्रिया पर फिर ग्रहण लगता दिख रहा है। इन निर्माण कार्यों में पालिका के निर्माण विभाग में प्राप्त निविदाओं की तकनीकी जांच में ठेकेदार फर्मों द्वारा प्रस्तुत किए दस्तावेजों में गड़बड़ी होने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि कई ठेकेदारों के अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी हैं, जिसमें पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामले को लेकर पालिका के कई सभासदों ने ईओ को पत्र लिखते हुए इन सभी निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया निरस्त करने तथा पुनः निविदा आमंत्रित करने की मांग की है। साथ ही, गलत और फर्जी दस्तावेज लगाने वाले ठेकेदार व फर्मों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पालिका वार्ड 19 से सभासद भाजपा नेता योगेश मित्तल ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को भेजे पत्र में निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी तथा 27 जनवरी को कुल 218 निर्माण कार्यों में अधिकांश कार्य सड़क और नाला निर्माण से संबंधित हैं, के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। इन निविदाओं की तकनीकी जांच में बड़ी संख्या में ठेकेदार फर्मों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी पाने की जानकारी सामने आई है। सभासद योगेश मित्तल ने पत्र में उल्लेख किया कि इससे पूर्व फर्जी एफडीआर लगाए जाने का मामला उजागर हुआ था, लेकिन उस प्रकरण में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब एक बार फिर अनुभव प्रमाण पत्रों के फर्जी होने की बात सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर इन दोषी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए व उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभासद के अनुसार, 21 जनवरी को 113 और 27 जनवरी को 103 निर्माण कार्यों की निविदाएं निर्माण विभाग को प्राप्त हुई थीं। इनकी तकनीकी जांच में बड़ी संख्या में अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं, जो एक संगठित आपराधिक साजिश की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ ही कानूनी कार्यवाही होना जरुरी है, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। इस शिकायती पत्र पर वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रजत धीमान व सीमा जैन के हस्ताक्षर हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि यह मुद्दा मात्र एक सभासद का नहीं, बल्कि पूरे शहर की चिंता का विषय बन चुका है।

इन्होंने कहा–

ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में बोर्ड द्वारा पारित सड़क, नाला व अन्य निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से निविदाएं आमंत्रित की गई थी। दो तिथियों में कुल 218 निर्माण कार्यों की निविदाएं प्राप्त हुई हैं, जिनकी तकनीकी जांच प्रक्रिया अभी जारी है। सभासदों द्वारा की गई शिकायत के संबंध में संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी जाएगी और यदि जांच में गंभीर अनियमितताएं पाई जाती हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

काशी में एक लाख का इनामी शूटर बनारसी यादव मुठभेड़ में ढेर

वाराणसी, 04 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार देर रात मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी सुपारी किलर बनारसी यादव को मार गिराया। बनारसी पर सारनाथ थाना क्षेत्र में कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या का मुख्य आरोप था। मुठभेड़ चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारियासनपुर रिंग रोड पर हुई। बनारसी यादव की सूचना मिलने पर एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने संबंधित थानों की मदद से घेराबंदी की। बनारसी यादव खुद को घिरा देखकर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी। घायल अवस्था में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके से दो पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। बनारसी यादव पर दो दर्जन से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। 21 अगस्त 2025 को करोड़ों की जमीन के विवाद में बनारसी यादव ने गाजीपुर के शूटरों को सुपारी देकर कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की हत्या कराई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य शूटर अरविंद फौजी सहित चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था। एसटीएफ के अनुसार, सूचना मिली थी कि बनारसी यादव गाजीपुर-वाराणसी हाईवे से होते हुए कहीं भागने की फिराक में था। घेराबंदी के दौरान उसने फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने गोली चलाई। सुपारी देने वाला जमीन विवाद में हत्या की सुपारी गाजीपुर के जोगेंद्र यादव ने बनारसी यादव को दी थी। बनारसी ने अरविंद यादव और विशाल को तीन शूटरों के साथ दो-दो लाख रुपये और पिस्टल मुहैया कराए थे। इस हत्याकांड में आरोपी अरविंद यादव, जोगेंद्र यादव, संपूर्णानंद शुक्ला उर्फ चंदन, शयाम राजभर, रेखा प्रधान और मोहम्मद मुकीम वर्तमान में जेल में बंद हैं।

बहुआयामी ऑडिटोरियम के बूते बदलेगी शहर की दिशा-दशा

▶ मंत्री कपिल देव ने अफसरों संग किया स्थलीय निरीक्षण ▶ 800 सिटिंग के साथ बनेगा भविष्य का यादगार भवन ▶ डीपीआर पर मंथन, एमडीए ने किया भवन का नक्शा जारी

मुजफ्फरनगर, 04 फरवरी (बु.)। नगर के विकास की दिशा और दशा को सुधारने की दिशा में प्रयासरत एमडीए की पहल पर जल्द बहुआयामी ऑडिटोरियम मिलने जा रहा है। महावीर चौक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में 27 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह ऑडिटोरियम न केवल सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र बनेगा, अपितु नगर में आधारभूत संरचना को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।

जनपद मुजफ्फरनगर में वर्षों से प्रतीक्षित पहले ऑडिटोरियम की भव्य रूपरेखा अब सामने आ गई है। यूपी सरकार में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमशीलता विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीणा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर के साथ राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में चयनित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ऑडिटोरियम के प्रस्तावित शिलान्यास से पूर्व निर्माण कार्यों को लेकर विचार मंथन किया। इस दौरान राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ परियोजना की डीपीआर पर चर्चा करते हुए इस भवन की संरचना, आधुनिक सुविधाओं के साथ ही ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा मानक, पार्किंग, दर्शक क्षमता तथा निर्माण की समय सीमा जैसे अन्य बिंदुओं पर मंथन किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में 800 सिटिंग के शानदार बनने वाले करीब 27 करोड़ की लागत से शहर में बनने वाले अत्याधुनिक बहुआयामी ऑडिटोरियम के लिए डीएम, एमडीए और जीआईसी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए इससे होने वाले लाभ को गिनाया। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों, पूर्ण पारदर्शिता व निर्धारित समय सीमा में पूरा किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि परियोजना जन अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरी उतर सकें। मंत्री कपिल देव की मौजूदगी में एमडीए की ओर से जारी ऑडिटोरियम का प्रस्तावित नक्शा जारी होते ही यहां मौजूद लोगों में उत्साह देखने को मिला और इस पहल को सरकार के विकास कार्यों का प्रतीक बताया। प्रस्तावित ऑडिटोरियम में भविष्य पर चर्चा करते हुए मंत्री कपिल देव ने बताया कि इस निर्माण से शैक्षणिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक आयोजनों के साथ ही सेमिनार, नाट्य प्रस्तुतियों, संगीत संध्या एवं सामाजिक आयोजनों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने दावा किया कि यह केंद्र विद्यार्थियों के साथ युवाओं, कलाकारों व सामाजिक संगठनों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुजफ्फरनगर के समग्र विकास को नई दिशा देगी। इससे न केवल शहर की सांस्कृतिक चेतना को बल मिलेगा, बल्कि बौद्धिक विमर्श और सामुदायिक सहभागिता भी सुदृढ़ होगी। उक्त ऑडिटोरियम निर्माण से जिले की पहचान आधुनिक व विकसित शहर के रूप में और भी अधिक मजबूत होगी। इस दौरान अध्यक्ष सुधीर सैनी, जितेन्द्र कुच्छल, कैप्टन प्रवीण, नवनीत कुच्छल, विपुल भटनागर, जीतसिंह तोमर, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, सचिव कुंवर बहादुर सिंह, एक्सईएन विनीत अग्रवाल, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार राणा, एई ड़ीके तोमर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।



अनुदेशकों ने जीती लड़ाई, अब खत्म नहीं होगी नौकरी, सुप्रीम कोर्ट ने 17000 रुपये मानदेय देने का दिया आदेश

लखनऊ, 04 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सरकारी जूनियर स्कूलों में पढ़ा रहे अनुदेशकों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। अब इन अनुदेशकों की नौकरी नहीं खत्म होगी। साथ ही 17 हजार रुपये मानदेय भी इन्हें मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की वह अपील खारिज कर दी, जिसमें गोवर्नमेंट अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के खिलाफ थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविदा की जो निर्धारित अवधि है, वह खत्म होने के बाद भी अनुदेशकों की नौकरी नहीं जाएगी। 10 साल तक काम करने के चलते यह पद ऑटोमैटिक तरीके से सृजित हो चुका है। साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार ने अनुदेशकों को 17 हजार रुपये देने का मानदेय देने का भी निर्देश दिया है। बता जें कि अनुदेशक साल 2013 से ही मानदेय बढ़ाने की मांग सरकार से कर रहे थे, लेकिन सरकार ऐसा करने को तैयार नहीं थी। फिर अनुदेशकों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार को मानदेय बढ़ाने का आदेश दिया, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। कोर्ट ने अनुदेशकों को मिलने वाले 7000 रुपये के मानदेय पर भी सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक बिना किसी संशोधन के मानदेय तय रखना अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो अंशकालिक शिक्षक लगातार सेवाएं दे रहे हैं, उन्हें सम्मानजनक मेहनताना दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि 2017-18 से अंशकालिक शिक्षकों का मानदेय रूपये 17,000 प्रतिमाह माना जाएगा। यह अगले संशोधन तक प्रभावी रहेगा। साथ ही इस नए मानदेय का भुगतान 1 अप्रैल 2026 से शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार को 2017 से अब तक नए मानदेय के तहत बकाया श्रेणी में आने वाली राशि का भुगतान 6 महीने के अंदर करने को कहा है। बता दें कि यूपी के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय साल 2017 में बढ़ाने का निर्णय हुआ था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस फैसले को लागू नहीं किया गया। इसके बाद अनुदेशक सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के पक्ष में फैसला दिया था, तो सरकार आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई थी।

संसद में 'ब्रांड वॉर': अनुराग ठाकुर की लुई विटन बेल्ट पर मचा बवाल

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसी)। संसद का बजट सत्र इन दिनों न केवल तीखी राजनीतिक बहसों, बल्कि नेताओं के महंगे शौक को लेकर भी चर्चा में है। ताजा मामला भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का है, जिनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह वायरल हो रहा है। वीडियो में ठाकुर लोकसभा के भीतर कथित तौर पर लुई विटन की बेल्ट पहने नजर आ रहे हैं, जिसकी कीमत रूपये 50,000 से रूपये 90,000 के बीच बताई जा रही है। यह घटना उस समय की है, जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। सदन में माहौल काफी गरमाया हुआ था और गृह मंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद विपक्षी सदस्य नारेबाजी कर रहे थे। इसी हंगामे के बीच, मंत्रियों के पीछे बैठे अनुराग ठाकुर शोर-शराबे को शांत कराने के लिए खड़े हुए। इसी दौरान उनके कोट के नीचे से 'लुई विटन' का सिग्नेचर लोगो वाली बेल्ट दिखाई दी। ठाकुर ने तुरंत अपना कोट ठीक किया और बैठ गए, लेकिन तब तक यह दृश्य कैमरे में कैद हो चुका था। वीडियो वायरल होते ही नेटिजन्स ने भाजपा के 'स्वदेशी' और 'आत्मनिर्भर भारत' के नारों को लेकर तंज कसना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे 'राजनीतिक पाखंड' करार दिया। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय राजनीति में महंगे विदेशी ब्रांड्स ने विवाद खड़ा किया हो। इतिहास गवाह है कि जब भी सदन में 'आम आदमी' या 'महंगाई' की बात होती है, नेताओं के महंगे सामान रडार पर आ जाते हैं। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा उस समय विवादों में घिरी थीं, जब वे सदन में बढ़ती महंगाई पर चर्चा कर रही थीं। जैसे ही कैमरा उनकी ओर घूमा, उन्होंने अपना कीमती लुई विटन हैंडबैग (कीमत लगभग 1.5 लाख से रूपये 2.5 लाख) चुपके से बेंच के नीचे छिपा दिया। वह पल सोशल मीडिया पर हफ्तों तक चर्चा का विषय बना रहा।

मोहन भागवत तीन दिन मेरठ में करेंगे प्रवास

नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत तीन दिवसीय दौरे पर 19 फरवरी की शाम मेरठ पहुंचेंगे। वह 21 फरवरी तक शहर में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान उनका मुख्य फोकस खेल जगत से जुड़े लोगों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों से संवाद स्थापित करना रहेगा। उनके दौरे को लेकर संघ कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आरएसएस की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 20 फरवरी को शताब्दीनगर स्थित माधवकुंज के सामने मैदान में एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लगभग 500 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तथा प्रशिक्षक शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें डॉ. मोहन भागवत पहले अपने विचार रखेंगे और इसके बाद प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। आयोजन को खेल जगत के लिए एक प्रेरणादायक पहल माना जा रहा है। तीन दिन के प्रवास के दौरान सरसंघचालक प्रगतिशील किसानों, शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों, शिक्षाविदों, उद्यमियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।

सरकार जिस किताब के लिए कहती है कि छपी ही नहीं, वही पुस्तक मैं मोदी जी को भेंट करूंगा : राहुल

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जिस पुस्तक के उद्धरण बोलने से उन्हें यह कहते हुए संसद में रोका जा रहा है कि यह पुस्तक छपी ही नहीं है, तो आज यह पुस्तक उनके हाथ में है और इसे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट करना चाहेंगे। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में लोकसभा से निलंबित आठ कांग्रेस सांसदों के संसद भवन के मकर द्वार पर धरने पर बैठने के बाद बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जिस पुस्तक में लिखे अंशों का वह लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिक्र करना चाहते हैं, सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि ये तथ्य अप्रमाणिक हैं और पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई है। उन्होंने पत्रकारों को पुस्तक की प्रति दिखाते हुए सवाल किया कि किस आधार पर सरकार के वरिष्ठ मंत्री कह रहे हैं कि पुस्तक छपी ही नहीं है।

लोकसभा से निलंबित कांग्रेस सदस्यों का संसद के मकर द्वार पर प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) लोकसभा से निलंबित कांग्रेस के आठों सदस्यों ने बुधवार को संसद भवन के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन किया और अपने निलंबन को गलत बताते हुए इसके विरोध में नारेबाजी की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विरोध कर रहे अपनी पार्टी की सांसदों के साथ उनके विरोध प्रदर्शन में खड़ी हो गई। इस दौरान लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण स्थगित होने के बाद बाहर आ रहे कांग्रेस के अन्य कई सांसद भी विरोध प्रदर्शन कर रहे अपने साथी सांसदों के साथ खड़े हो गए। गौरतलब है कि मंगलवार को आसन की तरफ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस के इन सभी सदस्यों को बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को ही संसद परिसर में अपने निलंबित सहयोगियों के साथ उनका समर्थन करते हुए उनके निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

संसद भवन मे कांग्रेस सांसदों का प्रदर्शन, प्रियंका बोली-जनता का निरादर कर रहे हैं मोदी

नयी दिल्ली, 04 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है और सरकार मनमानी कर देश की जनता का निरादर कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसदों के प्रदर्शन में शामिल होने के बाद पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मनमर्जी से काम कर रही है। उनका कहना था कि जब सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वो वह भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है।

उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी कट-ऑफ मामले में नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, 4 फरवरी (वार्ता) सर्वोच्च न्यायालय ने नीट-पीजी 2025-26 की परीक्षा के लिए कट-ऑफ पर्सेन्टाइल कम करने के राष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) के निर्णय को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने इस चुनौती पर गौर किया और निर्देश दिया कि मामले को छह फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। याचिका में एनबीईएमएस की 13 जनवरी की उस अधिसूचना पर सवाल उठाए गए हैं, जिसके माध्यम से स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश के लिए कट-ऑफ पर्सेंटाइल को उस स्तर तक कम कर दिया गया था, जिसे याचिकाकर्ताओं ने 'असामान्य रूप से बहुत कम' बताया है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः कृषि और डेयरी सेक्टर पूरी तरह सुरक्षित, भारत को मिली दुनिया की 'बेस्ट डील'

नई दिल्ली, 04 फरवरी (एजेंसी)। लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर सरकार का पक्ष रखा। विपक्ष के हंगामे के बीच गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह समझौता किया है। उन्होंने दावा किया कि यह डील भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगी और प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत को सबसे बेहतर शर्तें मिली हैं। टैरिफ पर बोलते हुए मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि 2 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई टेलीफोनिक वार्ता के बाद अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की है। गोयल ने जोर देते हुए कहाः "यह दर कई प्रतिस्पर्धी देशों पर लागू अमेरिकी टैरिफ से काफी कम है। इससे वैश्विक बाजार में भारतीय निर्यातकों को बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी।" उन्होंने स्पष्ट किया कि, संवेदनशील क्षेत्रों पर कोई आंच नहीं आएगी। अक्सर व्यापार समझौतों में कृषि और डेयरी सेक्टर को लेकर चिंताएं जताई जाती हैं, लेकिन सरकार ने इस पर रुख साफ कर दिया है। गोयल ने कहा कि एक साल तक चली गहन चर्चाओं के बाद यह सुनिश्चित किया गया है कि कृषि और डेयरी, इन संवेदनशील क्षेत्रों को पूरी तरह सुरक्षित रखा गया है। इस समझौते में सभी के हितों की रक्षा का भी ध्यान रखा गया है, प्रधानमंत्री ने कभी भी किसानों और डेयरी पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं किया है। एमएसएमई पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन